29/03/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

दूरसंचार विभाग- डो.ओ.टी ने नागरिकों के लिए एक दिशानिर्देश जारी किया है कि लोगों को ऐसे कॉल आ रहे हैं जिनमें दूरसंचार विभाग के नाम पर कॉल करने वाले धमकी दें रहे हैं कि उनके सभी मोबाईल नंबर बंद कर दिए जाएंगे या उनके मोबाईल नंबरों का किसी अवैध गतिविधियों में दुरुपयोग किया जा रहा है। दूरसंचार विभाग ने विदेशी मूल के मोबाईल नंबरों से ठगने वाले वॉटसऐप कॉल के बारे में भी लोगों को अवगत कराया है।विभाग ने एक बयान में कहा है कि साईबर अपराधी ऐसी कॉल के जरिए साईबर अपराध या वित्तीय धोखाधडी को अंजाम देने के लिए व्यक्तिगत जानकारी चुराने की करने की कोशिश करते हैं। दूरसंचार विभाग ने बताया है कि उसके द्वारा ऐसी कॉल नहीं की जाती है और इससे लोगों को सर्तक रहने की सलाह दी गई है और ऐसी कॉल आने पर कोई भी जानकारी साझा नहीं करने को कहा गया है।दूरसंचार विभाग ने नागरिकों को संचार साथी पोर्टल www.sancharsaathi.gov.in के पोर्टल पर किसी भी ऐसी धोखाधडी की रिपोर्ट करने की सलाह दी है। इसके अलावा दूरसंचार विभाग ने साईबर अपराध या वित्तीय धोखाधडी के शिकार होने की स्थिति में साईबर अपराध हैल्पलाइन नंबर 1930 या www.cibercrime.gov.in पर रिपोर्ट करने की सलाह दी है।

0000000000000000000

आज गुड फ्राइडे के दिन विश्वभर में गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही हैं।

यीशु मसीह को इसी दिन सूली पर लटकाया गया था। उन्होंने मानवता के प्रति प्रेम के लिए कुर्बानी दी थी। गुड फ्राइडे को होली फ्राइडे, ग्रेट फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे और ईस्टर फ्राइडे के नाम से भी जाना जाता है। गुड फ्राइडे के बाद रविवार 31 मार्च को यीशु मसीह पुन: जीवित हो गए थे जिसे ईस्टर के रूप में मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुड फ्राइडे के दिन यीशु मसीह के बलिदान को याद किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गुड फ्राइडे को यीशु मसीह के विनीत बलिदान को स्मरण किया जाता है। प्रधानमंत्री ने आशा प्रकट की कि प्रत्येक व्यक्ति को उनकी अनुकंपा और दूसरों को क्षमा करने की यीशु मसीह की सीख से प्रेरणा मिलेगी।

0000000000000000000000000

सरकार ने गेहूं के भंडारण को अनिवार्य रूप से घोषित करने का आदेश दिया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने आज कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बडे खुदरा विक्रेताओं और प्रोसेसरों को एक अप्रैल से अगले आदेश तक गेहूं की अपनी भंडारण की स्थिति घोषित करनी होगी। समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और जमाखोरी और बेईमान सट्टेबाजी को रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है। सभी श्रेणियों की संस्थाओं द्वारा चावल भंडारण की घोषणा पहले से ही लागू है। कोई भी इकाई जो मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए पोर्टल पर पंजीकृत नहीं है, उसे खुद को पंजीकृत कराना होगा और हर शुक्रवार को गेहूं और चावल के भंडारण का खुलासा करना भी शुरू करना होगा।

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग देश में कीमतों को नियंत्रित करने और आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गेहूं और चावल की भंडारण की स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है।

0000000000000000000

अरूणाचल प्रदेश में 60 सदस्यों की विधानसभा और लोकसभा की दो सीटों के लिए भरे गए नामांकन पत्रों की कल जॉच की गई । कुल मिलाकर विधानसभा की साठ सीटों के लिए एक सौ चौहत्तर नामांकन पत्र वैध पाए गए और दो विधानसभा सीटों के के लिए पंद्रह नामांकन पत्र वैध पाए गए। अरूणालच वेस्ट लोक सभा सीट के लिए 8 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र जमा कराए गए जिनमें भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री किरण रिजीजू तथा कांग्रेस के उम्मीदवार नाबम तुकी शामिल हैं। अरूणाचल ईस्ट लोकसभा क्षेत्र के लिए सात उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाए गए।अरूणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को 60 सदस्यों की विधानसभा और अरूणाचल वेस्ट और अरूणाचल ईस्ट लोकसभा सीट के लिए भी एक साथ मतदान कराया जाएगा।

0000000000000000000000

राज्य में होने वाले आम चुनाव के मद्देनजर आज युपिया स्थित जिला उपायुक्त सम्मेलन हॉल में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पापुमपारे के जनरल पर्यवेक्षक अमित ढाका ने करीबी मुकाबले वाले विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों की महत्वपूर्ण मानचित्रण की बारीकी से निगरानी करने और फिर से काम करने को कहा।

पर्यवेक्षक ने जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को जमीनी हकीकत का जायजा लेने के लिए संवेदनशील इलाकों का दौरा करने और सरकार के चुनाव तंत्र में जनता का विश्वास पैदा करने को भी कहा।

000000000000000000

गुरुवार को केई पान्योर जिले में करनाल हरियाणा स्थित भारतीय गेहू और जौ अनुसंधान द्वारा प्रायोजित एन ई एच घटक के तहत एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले से कुल एक सौ बीस प्रतिभागियों ने भाग लिया। कृषि विज्ञान योना ने एक विज्ञप्ति में बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य याचुली और आस-पास के क्षेत्रों में ड्रैगन फ्रूट, एवोकैडो, लाल केला, चीकू, लीची, काजू और कम ठंड वाले सेब जैसी फसलों की परीक्षण के आधार पर पेश करना था।

0000000000000000000

असम डाउन टाउन यूनिवर्सिटी के परिसर में गुरुवार को जवाहरलाल नेहरु महाविद्यालय पासीघाट और असम डाउन टाउन विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते ज्ञापन का उद्देश्य अनुसंधान और शिक्षाविदों का एक उत्पादक और सहायक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है, जहां दोनों संस्थान सहजीवी संबंध में विकसित हो सके। जे एन सी की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाले डॉ सीतांग ने बताया कि समझौता ज्ञापन से ज्ञान पूल और बौद्धिक संसाधनों को साझा करने के मामले में दोनों संस्थानों को लाभ होगा।

0000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय के डि एस टी इनेबलिंग सेंटर द्वारा आयोजित दो दिवसीय पूर्वोत्तर प्रौद्योगिकी कॉनक्लेव गुरुवार को संपन्न हुआ। डी एस टी-टी ई सी का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालयों में प्रौद्योगिकी विकास के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना और शोधकर्ताओं को अन्य संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और उद्योगों के साथ नेटवर्क बनाने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

0000000000000000000